नामांक Roll No. | Question Booklet No.

No. of Questions – 18

No. of Printed Pages – 11

**SS-84-Agriculture**

# उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2026

# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

## कृषि विज्ञान

## AGRICULTURE

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 56**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.
2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।
   **All** the questions are compulsory.
3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
   Write the answer to each question in the given answer-book only.
4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।
   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.
5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।
   If there is any error / difference / contradiction in Hindi and English version of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.
6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
   Write down the serial number of the question before attempting it.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

**1.** बहुविकल्पी प्रश्न :

(Multiple Choice Questions) :

नीचे दिए गए बहुचयनात्मक प्रश्नों के सही उत्तर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए ।

Write the correct answer to the given multiple choice questions in the answer book.

i) 'एग्रोनोमस' भाषा का शब्द है **[½]**

अ) ग्रीक ब) अरबी

स) लेटिन द) अंग्रेजी

"Agronomos" is the word from the language

A) Greek B) Arabic

C) Latin D) English

ii) ''बॉयोडायनेमिक खेती' की विचारधारा के प्रतिपादनकर्ता हैं **[½]**

अ) डॉ. रुडोल्फ स्टेनर ब) लॉर्ड वाल्टर नार्थबोर्न

स) सर अल्बर्ट हॉवर्ड द) आर. कार्सन

The ideology of "Biodynamic farming" is propounded by

A) Dr. Rudolf Steiner B) Lord Walter Northbourne

C) Sir Albert Howard D) R. Carson

iii) निम्न में से ''बायो–इनओकुलेन्ट'' के रूप में जाना जाता है **[½]**

अ) गोबर की खाद ब) जैव–उर्वरक

स) वर्मीकम्पोस्ट द) कम्पोस्ट

Which of the following is known as "Bio-inoculant" ?

A) Farm Yard Manure B) Bio-Fertilizer

C) Vermicompost D) Compost

iv) मूँगफली फसल की जल माँग हैं [½]

अ) 1500-2500 मि. मी. ब) 700-1300 मि. मी.

स) 500-700 मि. मी. द) 200-400 मि. मी.

Water requirement of groundnut crop is

A) 1500-2500 mm B) 700-1300 mm

C) 500-700 mm D) 200-400 mm

v) एक बीजपत्री खरपतवार का उदाहरण है [½]

अ) बथुआ ब) हिरणखुरी

स) जंगली चौलाई द) गेहूँसा

An example of monocot weed is

A) Bathua B) Hirankhuri

C) Jangli Chaulai D) Gehusa

vi) ''आर.एम.ओ.-40'' किस्म है [½]

अ) अरहर ब) बाजरा

स) मोठ द) चना

"RMO-40" is the variety of

A) Pigeon pea B) Pearl Millet

C) Moth bean D) Gram

vii) तिल का वानस्पतिक नाम है [½]

अ) अरेकिस हाइपोजिया एल. ब) लाइनम यूसीटेटिसिमम एल.

स) ग्लाइसिन मैक्स एल. द) सिसेमम इन्डिकम एल.

Botanical name of sesame is

A) Arachis hypogea L. B) Linum usitatissimum L.

C) Glycine max L. D) Sesamum indicum L.

viii) कैरोटीन की कमी से होने वाला रोग है [½]

अ) बेरी-बेरी ब) स्कर्वी

स) रिकेट्स द) रतौंधी

The disease caused by deficiency of Carotene is

A) Beri-Beri B) Scurvy

C) Rickets D) Night blindness

ix) ''राष्ट्रीय हॉर्टीकल्चर मिशन'' की शुरुआत हुई [½]

अ) वर्ष 2014 ब) वर्ष 2016

स) वर्ष 2005 द) वर्ष 2008

National Horticulture Mission was launched in

A) Year 2014 B) Year 2016

C) Year 2005 D) Year 2008

x) ''ऑफसूट'' प्रवर्धन का उदाहरण है [½]

अ) स्ट्रोबेरी ब) खजूर

स) अनन्नास द) केला

An example of "off-shoot" propagation is

A) Strawberry B) Date palm

C) Pineapple D) Banana

xi) निम्नलिखित में से पादप वृद्धिरोधक है [½]

अ) ऑक्सिन ब) साइटोकाइनिन्स

स) मेलिक हाइड्राजाइड द) जिबरेलिन्स

Which of the following is a plant growth inhibitor ?

A) Auxin B) Cytokinins

C) Maleic Hydrazide D) Gibberellins

xii) ''एपल ऑफ पेराडाइज'' के नाम से जाना जाता है [½]

अ) बेर ब) अनार

स) आँवला द) केला

Known as the "Apple of Paradise" is

A) Ber B) Pomegranate

C) Aonla D) Banana

xiii) ''डिब्बाबंदी'' प्रक्रिया के जनक है [½]

अ) लुई पाश्चर ब) निकॉलस एपर्ट

स) पिटर डूरंड द) रोबर्ट कॉच

Father of "Canning" is

A) Louis Pasteur B) Nicolas Appert

C) Peter Durand D) Robert Koch

xiv) ''राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केन्द्र'' स्थित है [½]

अ) अविकानगर (टोंक) ब) हिसार (हरियाणा)

स) करनाल (हरियाणा) द) जोरबीड (बीकानेर)

"National Research Centre on Camel" is located at

A) Avikanagar (Tonk) B) Hisar (Haryana)

C) Karnal (Haryana) D) Jorbeer (Bikaner)

xv) ''कराकुल'' का उत्पत्ति स्थान है [½]

अ) स्पेन ब) मध्य एशिया

स) स्वीट्ज़रलैण्ड द) अमेरिका

The origin of "Karakul" is

A) Spain B) Central Asia

C) Switzerland D) America

xvi) सर्रा रोग का रोगजनक है [½]

अ) क्लोस्ट्रीडियम परफ्रिन्जेन्स ब) क्लोस्ट्रीडियम चौवोई

स) पाश्च्यूरेला बोविसेप्टिका द) ट्रिपेनोसोमा इवान्सी

The causative organism of Surra disease is

A) Clostridium perfringens B) Clostridium chauvoei

C) Pasturella boviseptica D) Trypanosoma evansi

xvii) विषाणुजनित रोग है [½]

अ) थनेली ब) टिक फीवर

स) खुरपका-मुँहपका द) एन्थ्रैक्स

Viral disease is

A) Mastitis B) Tick fever

C) Foot and mouth disease D) Anthrax

xviii) ''श्वेत क्रांति'' सम्बंधित है [½]

अ) अण्डा उत्पादन ब) खाद्यान्न उत्पादन

स) दुग्ध उत्पादन द) मछली उत्पादन

"White Revolution" is related to

A) Egg production B) Food grain production

C) Milk production D) Fish production

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :
Fill in the blanks :

i) एम.आई.डी.एच. का पूरा नाम ____________ है । [½]
Full name of M.I.D.H. is ____________.

ii) फलीदार फसलों द्वारा मृदा में ____________ कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर नत्रजन स्थिरीकरण किया जाता हैं । [½]
Leguminous crops fix ____________ kg of nitrogen per hectare in the soil.

iii) कपास का कुल ____________ हैं । [½]
The family of cotton is ____________.

iv) पपीता फलवृक्ष में रोपण हेतु ____________ मीटर दूरी रखी जाती है । [½]
A distance of ____________ metre is maintained for planting papaya fruit tree.

v) अंगूर का उद्गम स्थल ____________ है । [½]
The origin place of grapes is ____________.

vi) ''आदर्श जैली'' में पेक्टिन की प्रतिशत मात्रा ____________ होती हैं । [½]
The "Ideal Jelly" contains ____________ percent of pectin.

vii) गाय ____________ दिन बाद पुन: ऋतुकाल में आने के लक्षण प्रकट करती हैं । [½]
The cow shows signs of becoming in heat again after ____________ days.

viii) ____________ को ''ब्लैक डायमंड'' के नाम से जाना जाता हैं । [½]
____________ is known as the "Black Diamond".

ix) गलघोंटू रोग को ____________ फीवर भी कहा जाता है । [½]
Haemorrhagic septicaemia is also known as ____________ fever.

x) एक भारतीय गाय का एक वर्ष का औसतन दुग्ध उत्पादन ____________ कि.ग्रा. है । [½]
The average milk production of an Indian cow in a year is ____________ k.g.

**3.** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न : निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द अथवा **एक** पंक्ति में लिखिए ।
Very Short Answer Type Questions : Write answer of the following questions in **one** word or **one** line.

i) बीजों की वास्तविक उपयोगिता मान का सूत्र लिखिए । **[1]**
Write the formula of real value of seed.

ii) ''हरी खाद'' की फसल का कोई एक आवश्यक गुण लिखिए । **[1]**
Write any one essential quality of "green manure" crop.

iii) राजस्थान को कितने कृषि जलवायु खण्डों में विभक्त किया गया है ? **[1]**
Rajasthan has been divided into how many agro-climatic zones ?

iv) भू–परिष्करण का कोई एक उद्देश्य लिखिए । **[1]**
Write any one objective of tillage.

v) जीरा का वानस्पतिक नाम लिखिए । **[1]**
Write the botanical name of cumin.

vi) 'विटामिन–सी' का रासायनिक नाम लिखिए । **[1]**
Write the chemical name of "Vitamin-C".

vii) चिप कलिकायन का चित्र बनाईए । **[1]**
Draw a diagram of chip budding.

viii) खजूर की कोई दो उन्नतशील किस्मों के नाम लिखिए । **[1]**
Write the names of any two improved varieties of Date-palm.

ix) फलपाक एवं अवलेह में आवश्यक कुल घुलनशील ठोस पदार्थ (टी.एस.एस.) की प्रतिशत मात्रा लिखिए । **[1]**
Write the percentage of total soluble solids required in Jam and Jelly.

x) भारत में संचालित किसी एक नस्ल सुधार योजना का नाम लिखिए । **[1]**
Write the name of any one breed improvement scheme operated in India.

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघु उत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **50** शब्द)
Short Answer Type Questions : (Answer word limit approximately **50** words)

**4.** मृदा के वायु द्वारा क्षरण के तीन प्रकार लिखिए । **[3×½=1½]**
Write three types of soil erosion by wind.

**5.** जीवांश खाद की कोई तीन उपयोगिता लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three uses of organic manure.

**6.** कूंड सिंचाई विधि के कोई तीन लाभ लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three advantages of furrow irrigation method.

**7.** खरपतवार के रासायनिक नियंत्रण की कोई तीन सीमायें लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three limitations of chemical control of weeds.

**8.** उपरोपण को परिभाषित कीजिए तथा जीभी ग्राप्टिंग का चित्र बनाइए । **[1+½=1½]**
Define grafting and draw a diagram of tongue grafting.

**9.** पशु प्रजनन प्रबंधन के कोई तीन बिन्दु लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three points of animal breeding management.

**10.** बकरी की जमुनापारी नस्ल का उत्पत्ति स्थान एवं कोई दो विशेषताएं लिखिए । **[½+ ½ + ½ =1½]**
Write the place of origin and any two characteristics of Jamunapari breed of goat.

**11.** गलघोंटू रोग का रोगकारक एवं कोई दो लक्षण लिखिए । **[½+ ½ + ½ =1½]**
Write the causative organism and any two symptoms of Haemorrhagic septicaemia.

**12.** फड़किया रोग के रोकथाम एवं उपचार के कोई तीन उपाय लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three measures for prevention and treatment of Enterotoxemia disease.

**13.** पशुओं में बी.क्यू. वेक्सीन लगाने की आयु, मात्रा (डोज) एवं लगाने का स्थान लिखिए । **[½+ ½ + ½ =1½]**
Write the age, quantity (dose) and place of administering of B.Q. vaccine to animals.

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **100** शब्द)

Long Answer Type Questions : (Answer word limit approximately **100** words)

**14.** निम्नलिखित पादप वृद्धि नियंत्रकों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

i) ऑक्सिन

ii) जिब्रेलिन्स **[1½+1½=3]**

Write a short note on the following plant growth regulators.

i) Auxin

ii) Gibberellins

**अथवा**/OR

निम्नलिखित पादप वृद्धि नियंत्रकों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

i) साइटोकाइनिन्स

ii) एथिलीन

Write a short note on the following plant growth regulators.

i) Cytokinins

ii) Ethylene

**15.** अवलेह तैयार करने की विधि का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए । **[3]**

Describe in detail the method of preparing Jelly.

**अथवा**/OR

टमाटर का सॉस तैयार करने की विधि का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ।

Describe in detail the method of preparing Tomato sauce.

**16.** भेड़ की मेरिनो नस्ल का उत्पत्ति स्थान एवं वितरण, विशेषताएँ व उपयोगिता लिखिए । **[1+1+1=3]**

Write the place of origin and distribution, characteristics and utility of Merino breed of sheep.

**अथवा**/OR

भेड़ की मारवाड़ी नस्ल का उत्पत्ति स्थान एवं वितरण, विशेषताएँ व उपयोगिता लिखिए ।

Write the place of origin and distribution, characteristics and utility of Marwari breed of sheep.

## खण्ड – द
## SECTION – D

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **200** शब्द)
Long Answer Type Questions : (Answer word limit approximately **200** words)

**17.** मूंगफली की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए । **[1+1+1+1=4]**

i) जलवायु
ii) बीज दर एवं बीजोपचार
iii) चार उन्नतशील किस्में
iv) पादप संरक्षण

Describe the scientific cultivation of groundnut crop on the basis of following points.

i) Climate
ii) Seed rate and seed treatment
iii) Four improved varieties
iv) Plant protection

**अथवा**/OR

आलू की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए ।

i) जलवायु
ii) बीज दर एवं बीजोपचार
iii) चार उन्नतशील किस्में
iv) पादप संरक्षण

Describe the scientific cultivation of Potato crop on the basis of following points.

i) Climate
ii) Seed rate and seed treatment
iii) Four improved varieties
iv) Plant protection

**18.** केला की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए । **[1+1+1+1=4]**

i) भूमि एवं जलवायु
ii) चार उन्नतशील किस्में
iii) पौधें लगाने की विधि
iv) कीट एवं व्याधियाँ

Describe the scientific cultivation of banana on the basis of following points.

i) Soil and climate
ii) Four improved varieties
iii) Planting method
iv) Pest and disease

**अथवा**/OR

अनार की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए ।

i) भूमि एवं जलवायु
ii) चार उन्नतशील किस्में
iii) पौधें लगाने की विधि
iv) कीट एवं व्याधियाँ

Describe the scientific cultivation of Pomegranate on the basis of following points.

i) Soil and climate
ii) Four improved varieties
iii) Planting method
iv) Pest and disease

DO NOT WRITE ANYTHING HERE